दिनांक 10.11.2024

प्रेस नोट-थाना गजरौला

***थाना गजरौला पुलिस द्वारा पट्रोल पंप कैशियर से हुई लूट की घटना का किया गया सफल अनावारण*, *बाद पुलिस मुठभेड 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, लूटे हुए पैसे तीन लाख बावन हजार (352,000/- रुपये) , अवैध असलाह व घटना में प्रयुक्त संदिग्ध मो0सा0 बरामद* ।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक अमरोहा महोदय श्री कुँवर अनुपम सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे वांछित/इनामी अपराधी की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री राजीव कुमार के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा श्री श्वेताभ भास्कर के निकट पर्यवेक्षण में थाना गजरौला पुलिस द्वारा पैट्रोल पंप कैशियर से हुई लूट की घटना का सफल अनावरण कर बाद पुलिस मुठभेड 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किये गये जिनके कब्जे से लूट के पैसे, अवैध असलाह व घटना में प्रयुक्त संदिग्ध बिना नम्बर प्लेट अपाचे मो0सा0 बरामद हुई।

***संक्षिप्त विवरण*:-** अवगत कराना है कि कल दिनांक 09/10.11.2024 की रात्रि थाना गजरौला पुलिस द्वारा सूचना पर कबीरपुर तिराहे से ग्राम मौहम्मदाबाद की तरफ चैकिंग के दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे एक मोटर साईकिल पर सावर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिसमें पुलिस टीम बाल बाल बची। गिरफ्तार अभियुक्तगण 1.अखिल कुमार त्यागी पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम बालका थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर 2.मोहित पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम पौरारा थाना रहरा जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अवैध असलाह (02 तमंचे 315 बोर, 03 जिंदा व 01 खोखा कारतसू 315 बोर) व घटना में प्रयुक्त संदिग्ध बिना नम्बर प्लेट मो0सा0 अपाचे रंग सफेद व पैट्रोल पंप कैशियर से लूटे हुये पैसे तीन लाख बावन हजार (3,52,000/- रुपये) बरामद किये गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना गजरौला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

***पूछताछ विवरण*:-**

पूछताछ पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हमने अपने एक अन्य साथी बबलू के साथ मिलकर दिनांक 04.11.2024 को दिन के समय पैट्रोल पम्प कैशियर व गनर से इसी मोटरसाइकिल का प्रयोग करके रुपयों से भरा बैग लूटा था। लूटे गये रुपयों में से कुछ रुपये हमारा तीसरा साथी बबलू लेकर अलग चला गया था तथा शेष पैसे हमने चैकिंग से बचने के लिये यही बंधा रोड के किनारे छुपा दिये थे जिनको आज हम दोनो लेने आये थे तथा लेकर आधे-आधे बांटकर जा रहे थे कि आपने हमे पकड लिया ।

***गिरफ्तार अभियुक्तगण*:-**

1. अखिल कुमार त्यागी पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम बालका थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. मोहित पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम पौरारा थाना रहरा जनपद अमरोहा।

***बरामदगी का विवरण*:-**

1. लूट के पैसे- तीन लाख बावन हजार (3,52,000/-) रुपये
2. अवैध असलाह 02 तमंचे 315 बोर, 03 जिंदा व 01 खोखा कारतूस।
3. घटना में प्रयुक्त 01 मो0सा0 अपाचे रंग सफेद बिना नम्बर प्लेट

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण-

<u>*अपराधिक इतिहास अभियुक्त अखिल कुमार*</u>

1.मु0अ0सं0 1749/2020 धारा 392,411 भादवि थाना सिहानी गेट जनपद गाजियाबाद
2. मु0अ0सं0 1813/2020 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सिहानी गेट जनपद गाजियाबाद
3.मु0अ0सं0 18/2019 धारा 356,411 भादवि थाना कोतवाली शहर जनपद बुलन्दशहर
4.मु0अ0सं0 321/19 धारा 379,411 भादवि थाना मझौला जनपद मुरादाबाद
5.मु0अ0सं0 83/2020 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना गजरौला जनपद अमरोहा
6.मु0अ0सं0 140/2020 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा
7.मु0अ0सं0 360/2019 धारा 120बी,392,411 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा
8.मु0अ0सं0 443/2019 धारा 41 सीआरपीसी व 147,148,149,307,414 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा
9.मु0अ0सं0 444/2019 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा
10.मु0अ0सं0 736/24 धारा 309(4) बीएनएस थाना गजरौला जनपद अमरोहा
11.मु0अ0सं0 747/24 धारा 109/317(2)/317(5)/318(4) बीएनएस व 3/25 आयुध अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा

<u>*अपराधिक इतिहास अभियुक्त मोहित*</u>

1.मु0अ0सं0 18/2019 धारा 356,411 भादवि थाना कोतवाली शहर जनपद बुलन्दशहर
2.मु0अ0सं0 736/24 धारा 309(4) बीएनएस थाना गजरौला जनपद अमरोहा
3.मु0अ0सं0 747/24 धारा 109/317(2)/317(5)/318(4) बीएनएस व 3/25 आयुध अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा

***गिरफ्तार करने वाली टीम*:-**

1. निरीक्षक अपराध जितेन्द्र कुमार बालियान थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 नितेन्द्र कुमार वशिष्ठ थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
3. का0 1233 शाहरुख थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
4. का0 375 मोहित थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
5. का0 1047 अश्विनी कुमार थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

सहयोगी टीम:- एसओजी व सर्विलांस टीम अमरोहा।

PRO CELL AMROHA